**न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, पाली**
**पीठासीन अधिकारी:: श्री एल.एन. मंत्री, आई.ए.एस**

विविध :: 77/2024
जीसीएमएस नम्बर :: 2024/226

| प्रार्थी :– | बनाम | अप्रार्थीगण :– |
|---|---|---|
| " एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (पूर्व नाम एयू फाईनेन्सर्स इण्डिया लिमिटेड) क्षैत्रीय कार्यालय प्लॉट नम्बर 39, शान्तिवन पॉचवी मंजिल, 11, वी रोड, सरदारपुरा जोधपुर 342001 राजस्थान जरिये प्राधिकृत अधिकारी श्री मोहन राम | | 1. श्री भवानी कलेक्शन जरिये प्रोपराईटर निवासी– सीरियल नं. 309/3 बिल्डिग ए, सुभाष पार्क, पुणे, महाराष्ट्र 411028<br>2. श्री मादा राम निवासी– 1185 राईका बास पटवार घर मुण्डारा तालूका बाली जिला पाली 306705, द्वितीय पता– मारगेज सम्पत्ति अवस्थित पट्टा न. 25, मिसल न. 152/2004, बुक न. 42, गॉव मुण्डारा, तहसील बाली, जिला पाली 306104<br>3. श्री मगनलाल निवासी– पटवार घर मुण्डारा तालुका बाली जिला पाली 306705<br>4. श्री नारायणलाल रेबारी निवासी– 1185, राईका का बास पटवार घर मुण्डारा तालुका बाली जिला पाली 306705<br>5. श्रीमति घीसी मादाराम देवासी निवासी– 1185 राईका का बास पटवार घर मुण्डारा तालूका बाली जिला पाली 306705 |

**प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा–14 सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटि इन्टरस्ट, 2002**

**दिनांक:– 30.12.2024**

1. यत प्राधिकृत अधिकारी, **एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड ने** वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम –2002 SARFAESI Act 2002 की धारा 14 के तहत प्रार्थना–पत्र जरिये **अधिवक्ता श्री चन्द्रसिंह राठौड़ ने श्री भवानी कलेक्शन जरिये प्रोपराईटर व अन्य** के विरूद्ध उक्त अधिनियम के अन्तर्गत ऋण के समय रखी गयी गिरवी सम्पत्ति का कब्जा लेने हेतु इस न्यायालय से अनुरोध किया है।

जिला मजिस्ट्रेट पाली (राजस्थान)

2. कम्पनी के उपस्थित अधिवक्ता/प्रतिनिधि ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए यह बताया कि अप्रार्थी/ऋणी को बैक/कंपनी द्वारा दिनांक 13.04.2023 को 12,00,000/– **(बारह लाख रूपये) का** ऋण स्वीकृत किया गया। इस ऋण की एवज में निम्न जायदाद/सम्पत्ति बैंक के पास गिरवी रखी गयी है जिसका विवरण निम्नानुसार है –

**जिला मजिस्ट्रेट, पाली**

| |
|---|
| श्री मादा राम एवं नारायण लाल व मगनलाल मारगेज सम्पति अवस्थित पट्टा नम्बर 25, मिसल नम्बर 152/2004, बुक नम्बर 42, गॉव मुण्डारा तहसील बाली जिला पाली में है जिसकी चतुर्दिशाएं उत्तर में किकाराम पुत्र वालाजी, दक्षिण में आम रास्ता |

Scanned with ACE Scanner

